आगा खान अकादमी में विजुअल आर्ट प्रदर्शनी आयोजित

हैदराबाद, 19 मार्च-(मिलाप ब्यूरो)

पहाड़ी शरीफ स्थित आगा खान अकादमी में आज एक विजुअल आर्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन जानी-मानी चित्रकार जया बाहेती ने किया। उन्होंने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कला वह माध्यम है, जिसके द्वारा हम अपने समाज एवं संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हैं। इसी कड़ी में बच्चों द्वारा बनाई गई कृतियाँ काबिले तारीफ है। नन्हें चित्रकारों द्वारा उकेरी गयी कलाकृतियाँ अभी से उनकी कला के प्रति रूझान को प्रकट कर रही हैं। उन्होंने यह आशा भी व्यक्त की कि ये बच्चे आगे चलकर भारतीय कला संस्कृति को अवश्य ही नयी ऊँचाईयाँ और नये आयाम प्रदान करेंगे।

अवसर पर आगा खान फाउंडेशन के निदेशक सलीम भाटिया के साथ अकादमी के प्रधानाचार्य शिक्षक तथा लोग उपस्थित थे। निदेशक ने अपनी शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ ऐसी गतिविधियाँ व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करती हैं। इस आयोजन में चैरिटी के उद्देश्य से छात्रों द्वारा बनाये गये झोलों को भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अकादमी के प्राचार्य ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि अकादमी के छात्र इसी तरह अपनी कला से सफलता की ऊँचाइयों को छूते रहेंगे।

आगा खान अकादमी में आयोजित विजुअल आर्ट प्रदर्शनी के दौरान उपस्थित आगा खान फाउण्डेशन के निदेशक सलीम भाटिया, चित्रकार जया बाहेती एवं अन्य। चित्रों को प्रदर्शित करते विद्यार्थी। ***(फोटो : मिलाप)***